शिक्षा एवं युवा

मेरठ, 23 अप्रैल 2010

www.jagran.com

महुआ के घुंघरू से थिरक उठा आईआईटी कैंपस

- कथक की एक बाद एक शानदार प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध
- महुआ ने दर्शकों को कथक की बारीकियां भी बताई



आईआईटी रुड़की कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में कथक की प्रस्तुति देती महुआ शंकर।

सहारनपुर, जागरण कार्यालयः आईआईटी रुड़की कैंपस भी कथक नृत्यांगना महुआ शंकर के घुंघरू व पैरों की थाप से गूंज उठा। देर शाम तक चले कार्यक्रम में महुआ ने एक से बढ़कर एक शानदार कथक की प्रस्तुतियां दीं। साथ ही उन्होंने कथक नृत्य की बारीकियों से भी दर्शकों को परिचित कराया। स्पिकमैके की कैंपस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नृत्यांगना महुआ शंकर ने दीप जलाकर किया। इसके बाद उन्होंने गुरु चरनन पर शीश नवाऊं भजन पर शानदार प्रस्तुति दी। पूरा आडीटोरियम घुंघरू की झनकार से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और दर्शकों की तालियों ने उन्हें एक के बाद एक

मन की आवाज होती है यह हर दिल की धड़कन है। उन्होंने दादरा में जुगलबंदी 'ऐ री सखी, का से कहूं मैं, कान्हा कीन्ही चतुराई, पनघट भरन जाने नहीं पाए, रोके खड़े जजुराए' पर पैरों की थाप के साथ गजब के कथक का प्रदर्शन किया। इसके बाद अंतिम प्रस्तुति फिल्म देवदास के गीत 'काहे, छेड़-छेड़, मोहे गरबा लगाए' पर गरबा की शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि यह सभी कंपोजीशन पद्मश्री पं. बिरजू महाराज की हैं। इस फिल्म में भी उन्हीं आवाज व कोरियोग्राफी है। उनके साथ गायन व पढ़ंत में नुपुर शंकर, गुलाम वारिस ने गायन व हारमोनियम, तबले पर सलमान खान ने संगत दी। बाद में पूरी टीम को कालेज की ओर से सम्मानित किया गया। विशेष सहयोग स्पिक मैके के पंकज मल्होत्रा का रहा।

खो-खो प्रतियोगिता का ट्रायल आज

सहारनपुर : कानपुर में 26, 27 व 28 अप्रैल को आयोजित राज्य स्तरीय अंतर जिला ओपन खो खो प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम को खिलाड़ियों का ट्रायल शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे डा. अंबेडकर स्टेडियम में होगा। यह जानकारी जिला खो